मोहन यादव और नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की

# प्रदेश में तेजी से हो रहा सड़क परियोजनाओं का क्रियान्वयन



## उज्जैन की सड़क परियोजनाएं जल्द पूरी करने के निर्देश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में प्रदेश में जारी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पहल से प्रदेश में सड़क परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन हो रहा है। इससे औद्योगिक गतिविधियों और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिली है।

नितिन गडकरी ने सड़क परियोजनाओं में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना का डिजाइन सड़क सुरक्षा के तकनीकी मानकों के अनुरूप होना चाहिए। भूमि अधिग्रहण और वन स्वीकृति से जुड़े मामलों का समाधान समन्वय से किया जाए और परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब न हो। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बटेश्वर से विशेष संबंध का उल्लेख करते हुए अटल एक्सप्रेस-वे को बटेश्वर से जोड़ने के निर्देश दिए। सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत उज्जैन को जोड़ने वाली सभी सड़क परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने को कहा। जबलपुर के शहपुरा आरओबी के क्षतिग्रस्त होने से प्रभावित आवागमन को देखते हुए शहपुरा टोल प्लाजा पर टोल वसूली स्थगित करने के निर्देश दिए गए। कान्हा राष्ट्रीय उद्यान की नागपुर, जबलपुर और रायपुर से सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा गया। बैठक में देवास, उज्जैन, सतना- चित्रकूट, जबलपुर- लखनादौन-रायपुर और लौनी- बुरहानपुर लिंक परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई।

# महिला कार्यकर्ता समाज के बीच सक्रिय रहकर जरूरतमंद परिवारों से संपर्क करेंः रूप कुमारी

**भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया संवाद**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने 'महिला कार्यकर्ता संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने में महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के अवसर मिले हैं। सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला मोर्चा को 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का दायित्व मिला है। इसके माध्यम से महिला कार्यकर्ता समाज के बीच सेवा और संपर्क के कार्य करेंगी। उन्होंने कहा कि महिला कार्यकर्ता जरूरतमंद परिवारों से संपर्क करें, उनकी समस्याओं को समझें और पात्र लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। उनके अनुसार केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से महिलाओं, गरीबों, किसानों, युवाओं और वंचित वर्गों तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार, राजनीति और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला मोर्चा को महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे सहित प्रदेश पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। मंच संचालन प्रदेश पैनलिस्ट अधिवक्ता गुंजन चौकसे ने किया।

## अफसरों की फटकार के बाद निलंबित टीआई ने हटाया विवादित वीडियो

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** जहांगीराबाद थाने के निलंबित थाना प्रभारी राजन सिंह अहिरवार ने इंस्टाग्राम और फेसबुक से अपना विवादित वीडियो हटा दिया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में इसकी चर्चा शुरू हो गई थी। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की फटकार के बाद उन्होंने वीडियो डिलीट किया। वीडियो में राजन सिंह अहिरवार ने एक महिला पुलिस अधिकारी पर प्रताड़ित करने सहित कई आरोप लगाए थे। उन्होंने अपने निलंबन को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि उन्हें किसी गलत काम या आपराधिक मामले में निलंबित नहीं किया गया है।

- आचरण नियमों के उल्लंघन को लेकर भी जांच की संभावना
- सोशल मीडिया पर महिला अधिकारी पर लगाए थे आरोप

वीडियो हटाए जाने के बाद पुलिस विभाग की सोशल मीडिया नीति के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई की संभावना है। निलंबन अवधि में सार्वजनिक रूप से बयान देने को आचरण नियमों का उल्लंघन माना जाता है या नहीं, इसकी भी जांच की जा सकती है। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

## नए मीडिया और सोशल मीडिया प्रभारियों ने संभाला पदभार

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल की मौजूदगी में लोया और डाबी ने ग्रहण की जिम्मेदारी**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल की उपस्थिति में नवनियुक्त प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया और सोशल मीडिया विभाग के प्रभारी शिवराज सिंह डाबी ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले दोनों पदाधिकारियों ने कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन और संभाग प्रभारी अभय यादव उपस्थित रहे। हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी



की विचारधारा, नीतियों तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में मीडिया और सोशल मीडिया विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यों को धरातल तक पहुंचाना दोनों विभागों की जिम्मेदारी है। नवनियुक्त मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया ने कहा कि मीडिया विभाग की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने के लिए सह-प्रभारियों, प्रवक्ताओं, पैनलिस्टों और विभाग के सदस्यों के सहयोग से टीम भावना के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों, विकास की उपलब्धियों और संगठन की विचारधारा को जनता तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी, प्रवक्ता, पैनलिस्ट और मीडिया विभाग के सदस्य मौजूद रहे।

## तकनीक और नवाचार से बढ़ाएंगे किसानों की आमदनी और उत्पादन : डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों के हित में सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। तकनीक और नवाचार के माध्यम से किसानों का फसल उत्पादन और आमदनी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिंगरौली जिले में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सिंगरौली की रत्नगर्भा भूमि में प्राकृतिक खेती का तेजी से प्रसार हो रहा है। जिले के 3,000 से अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं। सिंगरौली को कृषि के क्षेत्र में अग्रणी जिला बनाने के साथ इसे प्राकृतिक खेती का बड़ा केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने किसानों को अनंत चतुर्दशी की शुभकामनाएं भी दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती से जुड़े एक लाख किसानों, युवाओं और बेटियों को विशेष प्रशिक्षण देकर कृषि उद्यमियों की नई पीढ़ी तैयार की जाएगी। सिंगरौली में कोदो और सामा प्रमुख फसलें हैं। जिले के किसानों से संवाद के दौरान उन्होंने प्राकृतिक खेती, श्रीअन्न और हल्दी की खेती की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से फसल विविधीकरण अपनाने, उद्यानिकी व प्राकृतिक खेती के साथ पशुपालन और मछली पालन से जुड़ने की अपील की।

# एमपी में 48 हजार पदों पर भर्ती की तैयारी, टीईटी के बाद शिक्षकों के प्रमोशन की पहली सूची

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में 30 हजार से अधिक शिक्षकों के प्रमोशन का रास्ता शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के बाद खुल सकता है। दिसंबर में प्रस्तावित टीईटी का परिणाम आने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग प्रमोशन की पहली सूची जारी कर सकता है।

प्रमोशन के बाद रिक्त होने वाले पदों और सेवानिवृत्ति से खाली होने वाले पदों को मिलाकर अगले साल करीब 48 हजार पदों पर नई भर्ती की स्थिति बन सकती है। सरकार ने 30 जुलाई से सभी विभागों में प्रमोशन

- दिसंबर में प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा के बाद खुलेगा पदोन्नति का रास्ता
- मार्च 2027 तक 18 हजार पद हो सकते हैं रिक्त

की प्रक्रिया शुरू की थी। करीब एक लाख प्रमोशन हो चुके हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक संवर्ग के प्रमोशन अभी बाकी हैं। लिपिक संवर्ग और उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों के प्रमोशन किए जा चुके हैं।

### मार्च 2027 तक 18 हजार पद हो सकते हैं खाली

फिलहाल स्कूल शिक्षा विभाग में करीब 10 हजार पद खाली हैं। मार्च 2027 तक करीब आठ हजार शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे। इससे रिक्त पदों की संख्या करीब 18 हजार हो सकती है। इसके अलावा 30 हजार से अधिक शिक्षकों के प्रमोशन होने पर उनके वर्तमान पद भी खाली होंगे। इस तरह करीब 48 हजार पदों पर भर्ती की स्थिति बन सकती है। नई भर्ती का विज्ञापन मार्च 2028 के बाद जारी होने की तैयारी है। इसके बाद परीक्षा, परिणाम और नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होगी।

### दिसंबर में टीईटी, इसके बाद प्रमोशन

शिक्षकों के प्रमोशन को टीईटी से जोड़ा गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत दिसंबर 2028 तक छह बार टीईटी कराई जानी है। पहली परीक्षा दिसंबर में माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से प्रस्तावित है। परिणाम आने के बाद विभाग प्रमोशन की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा। विभाग ने प्रमोशन के लिए शिक्षकों की सूची पहले ही तैयार कर ली है।

## स्वर्ण पदक जीतने पर एयर पिस्टल मिश्रित युगल टीम को दी बधाई

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स-2026 के 10 मीटर मिश्रित युगल पिस्तौल टीम स्पर्धा में श्री कमलजीत सिंह और सुश्री सुरुचि इंदरसिंह को स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि भारतीय युगल टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर सम्पूर्ण भारत का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अथक परिश्रम और समर्पण ने देश को गौरवान्वित किया है।

अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन...

# अंतिम व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहा : डॉ. यादव



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री गडकरी के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आम का पौधा भी रोपा। इस अवसर पर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और एकात्म मानववाद का दर्शन आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उनके राष्ट्रसेवा और जनकल्याण के विचारों से प्रेरणा लेकर सरकार समावेशी विकास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

# जल आर्थिक संवृद्धि और सतत विकास की मूल धुरीः संजय दुबे

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे ने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि एक रणनीतिक परिसंपत्ति है, जो आर्थिक संवृद्धि, नगरीय सहनशीलता, पर्यावरणीय संधारणीयता और दीर्घकालिक विकास की आधारशिला है।




वे नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 9वें भारत अंतर्राष्ट्रीय जल सप्ताह में 'जल को राष्ट्रीय परिसंपत्ति के रूप में पुनर्परिभाषित करना' विषय पर आयोजित परिचर्चा में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भावी जल सुरक्षा और समर्थ शहरों के निर्माण के लिए नवोन्मेषी वित्तीय तंत्र, टिकाऊ अधोसंरचना और एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन को अपनाना जरूरी है।

उन्होंने मध्य प्रदेश की जल प्रबंधन नीतियों की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य में संधारणीय अधोसंरचना, नवीन वित्तीय प्रबंधन और उत्तरदायी जल संरक्षण को एकीकृत किया जा रहा है। दुबे ने इंदौर में नर्मदा नदी प्रणाली से जुड़ी जल अधोसंरचना के लिए जारी ग्रीन बॉन्ड का उल्लेख किया।

# इंदौर में 3 से 5 अक्टूबर तक आरएसएस की अभा कार्यकारी मंडल बैठक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक इस बार मध्य प्रदेश के इंदौर में होगी। तीन दिवसीय बैठक 3 से 5 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। इसमें देशभर के सभी 46 प्रांतों के पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। संघ प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भी बैठक में शामिल होंगे।

बैठक ऐसे समय हो रही है, जब संघ अपने शताब्दी वर्ष के अंतिम चरण में है। संघ ने अक्टूबर 2025 में स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए थे। शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम 20 अक्टूबर 2026, विजयादशमी तक चलेंगे। ऐसे में इंदौर की बैठक शताब्दी वर्ष के दौरान होने वाली प्रमुख संगठनात्मक बैठकों में से एक होगी।

बैठक में संघ की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों और गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। शताब्दी वर्ष के दौरान लिए गए निर्णयों को जमीन पर लागू करने की स्थिति पर भी चर्चा होगी। देशभर से आए पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी साझा करेंगे और आगे की कार्ययोजना पर मंथन करेंगे।

बैठक में संघ के संगठनात्मक ढांचे में प्रस्तावित बदलावों पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक मौजूदा प्रांत प्रचारक व्यवस्था की जगह संभाग प्रचारक व्यवस्था लाने का प्रस्ताव है। हालांकि, इसके अंतिम स्वरूप और क्रियान्वयन को लेकर बैठक के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

इससे पहले जुलाई में कर्नाटक के बेलगावी में अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक हुई थी। इसमें संगठनात्मक गतिविधियों, शाखाओं के विस्तार और शताब्दी वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों की समीक्षा की गई थी। इंदौर की बैठक को इसी प्रक्रिया की अगली महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है।

**आभार** कटनी में नर्सिंग कॉलेजों के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों ने किया स्वागत...

# नर्सिंग विद्यार्थियों ने उप मुख्यमंत्री का जताया आभार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के कटनी जिले के अल्प प्रवास के दौरान विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों के पदाधिकारियों और छात्र-छात्राओं ने उनसे भेंट कर स्वागत किया। विद्यार्थियों ने लंबित परीक्षा परिणाम जारी कराने की पहल के लिए उप मुख्यमंत्री का आभार जताया।

इस दौरान एमजीएम कॉलेज/स्कूल नर्सिंग कॉलेज, श्री साईनाथ कॉलेज और विजडम नर्सिंग कॉलेज के पदाधिकारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि राज्य शासन के लिए छात्र हित सर्वोपरि है। नर्सिंग



विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए शासन ने उच्च न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती से रखा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की शिक्षा और भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए शासन संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग के 15 हजार से अधिक विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। लगभग 28 हजार विद्यार्थियों की आगामी परीक्षा भी शीघ्र आयोजित की जा सकेगी।

विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष परीक्षा मार्च 2026 और तृतीय वर्ष परीक्षा जनवरी 2026 के परिणाम जारी किए हैं। विद्यार्थियों ने कहा कि परिणाम जारी होने से उनकी आगे की पढ़ाई और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने में सुविधा होगी। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com